**Annexure - XLII**

सत्यमेव जयते

# उत्तराचंल सूचना आयोग

सैक्टर 1, सी–10, डिफैन्स कालोनी, देहरादून
फोन : (0135) 2666778 / 2666779

संख्या –        / उ.सू.आ. / 56 / 2006                                        दिनांक : अगस्त 19, 2006

सचिव
मा. मुख्य मंत्री
उत्तरांचल शासन

**विषय– उत्तरांचल सूचना आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय खोलने तथा आयोग में शोध मूल्यांकन तथा प्रशिक्षण प्रभाग खोले जाने के संबंध में।**

महोदय,

कृपया सामान्य प्रशसन अनुभाग के पत्रांक 286 / सू. / XXXI (13)G / 2006 दिनांक 28 जुलाई 2006 का संदर्भ करें जिसके द्वारा उत्तरांचलसूचना आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय खोलने तथा राज्य सूचना आयोग में शोध एवं मूल्यांकन तथा प्रशिक्षण प्रभाग खोले जाने संबंधी घोषणा की पुष्टि मा. मुख्य मंत्री कार्यालय (घोषणा–अनुभाग) द्वारा नहीं किये जाने की सूचना दी गई हैं। (प्रति संलग्न)

2. मा. मुख्य मंत्री जी द्वारा उत्तरांचल सूचना आयोग के कार्यालय के उद्घाटन के समय की गई घोषणा के संबंध में आयोग द्वारा पत्रांक 420 / उ.सू.आ. / मु.सू.आ. / 2006 दिनांक 16 मार्च, 2006 (प्रति संलग्न) द्वारा प्रमुख सचिव सामान्य प्रशासन विभाग, उत्तरांचल शासन को अवगत कराया जा चुका है. मा. मुख्य मंत्री जी द्वारा की गई घोषणा की पुष्टि हेतु दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला तथा दैनिक जागरण (14 मार्च 2006) की प्रति इस आशय से भेजी जा रही है कि कृपया मा. मुख्य मंत्री जी से उक्त घोषण की पुष्टि (घोषणा अनुभाग के माध्यम से) कर सामान्य प्रशासन अनुभाग को पुष्टि से अवगत कराने का कष्ट करें। उत्तरांचल सूचना आयोग के उद्घाटन समारोह के अवसर पर मा. वन मंत्री जी एवं श्री डी.के. कोटिया, सचिव सूचना, श्री एन.सी. शर्मा सचिव, पशुपालन विभाग भी उपस्थित थे.

3. वर्तमान में आयोग को कार्यों में निरन्तर वृद्धि होने के फलस्वरूप अब इन क्षेत्रीय कार्यालयों तथा प्रस्तावित शोध मूल्यांकन तथा प्रशिक्षण प्रभाग की नितान्त आवश्यकता महसूस की जा रही है।

4. अनुरोध है मा. मुख्य मंत्री जी से पुष्टि कराकर घोषणा अनुभाग के माध्यम से सामान्य प्रशासन अनुभाग को पुष्टि से अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक : उपरोक्तानुसार।

भवदीय

**(तारकेन्द्र वैष्णव)**
सचिव

प्रतिलिपि :

1. प्रमुख सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, उत्तरांचल विभाग।
2. मा. मुख्य मंत्री कार्यालय (घोषणा अनुभाग), उत्तरांचल शासन।

भवदीय

**(तारकेन्द्र वैष्णव)**
सचिव